सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 222 | इंदौर, बुधवार 21 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Farmers Delhi March : केंद्र के न्योते के बाद रुके किसान, नेता बोले- कुछ समय के लिए दिल्ली कूच रोका गया**
2. **Kisan Andolan: दिल्ली कूच के लिए किसान जेसीबी-पोकलेन लाए, हरियाणा में चिंता; पंजाब के DGP ने दिए रोकने के आदेश**
3. **Bengal: '24 घंटे के भीतर साबित करें आरोप, वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें', शुभेंदु की डीजीपी को चुनौती**
4. **Ameen Sayani: लोकप्रिय रेडियो होस्ट अमीन सयानी का 91 साल की उम्र में निधन, बिनाका गीतमाला से दिलों पर किया राज**
5. **Kyriakos Mitsotakis: पत्नी के साथ राष्ट्रपति भवन पहुंचे ग्रीस के पीएम, गार्ड ऑफ ऑनर से किया गया सम्मानित**
6. **UP: भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर उन्नाव पहुंचे राहुल गांधी, लोगों से मिले...12 जगह हुआ स्वागत**

# मत पत्र से चुनाव कराएं मोदी पीएम नहीं बनेंगे

## दिग्विजय ने शिवपुरी में कहा- ईवीएम ही इनका सबसे बड़ा हथियार है, इसी से सत्ता है



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

शिवपुरी। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा, ईवीएम हटाकर पीएम मोदी आपने मत पत्र से चुनाव कराया तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आप प्रधानमंत्री नहीं बनोगे। ईवीएम ही इनका सबसे बड़ा हथियार है। इनको पता है ईवीएम से ही सत्ता है।

दिग्विजय सिंह मंगलवार को शिवपुरी दौरे पर थे। वे यहां राहुल गांधी की न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे। शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनसे जब पूछा गया कि 'लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटें कितनी आएंगी?' इस पर उन्होंने कहा, अगर पीएम नरेंद्र मोदी में साहस है, हिम्मत है तो जनमत के आधार के लिए बैलेट पेपर से चुनाव करा कर देख लें। उन्हें पता लग जाएगा कितनी सीटें आएंगी। मैं उन्हें चुनौती देता हूं।

### →भाजपा को मंदिर बनाना नहीं, मस्जिद गिराना था

अयोध्या राम मंदिर को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा, भाजपा कहती है कि 500 साल बाद रामलला को लाए हैं। जब इतने साल बाद राम को ला सकते हो तो देश के करोड़ों रुपए लूटकर भागे नीरव मोदी और विजय माल्या को वापस क्यों नहीं ला पा रहे।

उन्होंने कहा, रामलला की लड़ाई भाजपा ने नहीं, 1850 से निर्मोही अखाड़ा ने लड़ी थी। फिर 1925 में आरएसएस बनी, 1950 जनसंघ बना, 1965 विश्व हिंदू परिषद बनी, 1980 भाजपा बनी। तब इनका राम मंदिर का मुद्दा था ही नहीं। राम मंदिर मुद्दा 1984 में बना, जब भाजपा के चुनाव में दो सदस्य रह गए थे। तब से अब तक हिंदू-मुस्लिम को लड़वा रहे हैं। इनका मुख्य उद्देश्य राम मंदिर को बनाना नहीं, मस्जिद को गिराना था। जिस मस्जिद को गिराकर भाजपा देश में नफरत फैलाने का काम कर रही थी। वहां मंदिर का निर्माण नहीं हुआ। जो स्थान कांग्रेस के शासन में स्वीकृत किया गया था, मंदिर वहीं बना है।

### →मुस्लिम लीग और RSS ने अंग्रेजों का साथ दिया

दिग्विजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा, यह देश सभी का है। हिंदू-मुस्लिम एक न होते तो देश को आजादी नहीं मिल सकती थी। आजादी की लड़ाई के वक्त अगर सिंधिया झांसी की महारानी लक्ष्मी बाई का साथ दे देते तो 1857 में अंग्रेज देश से बाहर हो जाते। अंग्रेज समझ चुके थे कि देश में ब्रिटिश हुकूमत चलाने के लिए हिंदू और मुसलमानों को बांटना होगा। इसके बाद अंग्रेजों ने मुसलमानों के लिए मुस्लिम लीग और जमात-ए-इस्लामिक बनाई। हिंदुओं के लिए आरएसएस और हिन्दू महासभा बनाई। इन चारों संगठनों ने आजादी की लड़ाई में भाग न लेते हुए, ब्रिटिश हुकूमत का साथ दिया था। यही इन संगठनों का इतिहास है।

# शराब दुकानों का लाइसेंस रिन्यूअल शुरू

## 1509 करोड़ रुपए में नीलाम होना हैं जिले की 173 दुकानें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर जिले की 173 देसी-विदेशी शराब दुकानों की नीलाम होगी। नई आबकारी नीति में 15 पर्सेंट अधिक दर पर दुकानें चलाने की अनुमति दी जाएगी। 64 समूहों के बीच जिले की ये दुकानें नीलाम होगी। निलामी को रेट 1509 करोड़ से भी अधिक तय हुआ। अब तक आबकारी विभाग को 43 समूहों में शामिल 119 दुकानों के लिए 1035 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव मिले हैं। शेष 54 दुकानें जो कि 21 समूह में है उनका मूल्य 474 करोड़ से अधिक है। अब लॉटरी के माध्यम से बोली लग सकेगी। 22 फरवरी तक आवेदन जमा करने होंगे।**

इंदौर जिले की फुटकर कम्पोजिट शराब दुकानों का एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए निष्पादन किया जाना है। इसके लिए 64 समूहों पर नवीनीकरण आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। इसमें से 21 शराब एकल समूहों पर आवेदन प्राप्त नहीं हुए। इन समूहों पर लाटरी आवेदन पत्र बुलाए गए हैं। इसके लिए ऑफलाइन और एनआइसी के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। अगर 75 प्रतिशत प्रस्ताव नहीं मिलते हैं तो फिर ई-टेंडर के जरिए इन सभी दुकानों की नीलामी करना पड़ेगी।

फिलहाल 43 समूहों पर 15 फीसदी वृद्धि के प्रस्ताव मिले हैं। अब बचे समूहों के लिए 19 से 22 फरवरी तक लॉटरी आवेदन की प्रक्रिया चलेगी। जो दुकानें नीलामी से शेष रहीं उनमें योजना क्रमांक 54, एमआईजी, मालवा मिल, पिपल्यापाला, अग्रसेन चौराहा, महू नाका, एमजी रोड, जीपीओ, राजमोहल्ला, पलसीकर, पलासिया, जवाहर मार्ग, मांगलिया से लेकर चोरल, खुड़ैल, मानपुर की दुकानें बची हैं।

### आवेदन 6 बजे तक जमा कर सकेंगे

सहायक आयुक्त आबकारी इंदौर मनीष खरे ने बताया कि नवीनीकरण के आवेदन पत्र रहित मदिरा दुकानों के एकल समूहों पर इच्छुक पात्र आवेदकों द्वारा जिला कार्यालय इंदौर से ऑफलाइन और पोर्टल से ऑनलाइन लाटरी आवेदन किए जा सकते हैं। 22 फरवरी की शाम 5.30 बजे तक आवेदन क्रय किए जा सकेंगे, जबकि 22 फरवरी की शाम 6 बजे तक आवेदन जमा होंगे। अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## शिवपुराण कथा का समापन

### हवन-यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां, कन्याओं का किया पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रोबोट चौराहा इंडिया गेट के पास नागेश्वर सीताराम हनुमान मंदिर में चल रही शिवपुराण कथा का समापन रविवार को हुआ। सुबह हवन-पूजन कर महाआरती की गई। हवनझपूजन पं. रामेश्वरजी दंपती और सहयोगियों द्वारा किया गया। यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा आहुतियां दी गई। इस मौके पर महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कन्या पूजन भी किया गया। शिवपुराण कथा में अंतिम दिन यजमान के रूप में माहेश्वरी दंपती ने व्यासपीठ का पूजन किया।मंदिर में रामदरबार के सामने पं. सत्यनारायण त्रिवेदी ने शिव महापुराण को भक्तिभाव व श्रद्धा के सिर पर रखा। कथा समापन के अवसर पर सभी भक्तों ने ओम नमः शिवाय का जयघोष भी लगाया। कथा समापन के अवसर पर यजमान माहेश्वरी दंपती ने ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा देकर पुण्य का काम किया। भोजन प्रसादी भंडारे में कन्याओं का पूजन कर राशि भेंट की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजनप्रसादी ग्रहण किया।

→दिगंबर जैन समाज की विजयांजलि सभा

## सामाजिक संसद एवं अनेक संगठन के सदस्यों ने आचार्य विद्यासागरजी महाराज को किया नम आंखों से नमन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आचार्य विद्यासागर जी महाराज के महाप्रयाण पर सकल जैन समाज इंदौर, दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, परवार समाज, दयोदय चैरिटेबल ट्रस्ट, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा राष्ट्र संत आचार्य विहर्ष सागरजी संसघ के सान्निध्य में मंगलवार को गांधी हॉल में विद्यांजलि सभा का आयोजन किया गया।**

उल्लेखनीय है कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की समाधि से पूरे विश्व का हर तबका दुःखी है। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आचार्यश्री के देवलोक गमन पर आधे दिन का राजकीय शोक भी घोषित किया गया। सांसद शंकर ललवानी, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपतिरेणु जैन, दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, मंत्री डॉ. जैनेन्द्र जैन, संरक्षक महेंद्र जैन, डीके जैन, दयोदय चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जैन, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, हंसमुख गांधी, संजीव जैन संजीवनी, राजेश जैन दद्दू, मनीष नायक, परवार समाज के अध्यक्ष राजेश लारेल, राहुल जैन, सुदीप जैन, शरद रावत, परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष मुक्ता जैन, अंजलि जैन, रानी डोशी एवं सकल जैन समाज सभी जैन मंदिर कमेटी एवं अनेक समाजसेवी महिला-पुरुष संगठनों द्वारा गांधी हॉल में विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर सभा का शुभारंभ किया गया। संचालन अनुराग जैन ने किया।

### दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का राष्ट्रीय अधिवेशन 3 मार्च को

**इंदौर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 28वां राष्ट्रीय अधिवेशन, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन के तत्वावधान में 3 मार्च रविवार को सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर जिला दमोह में आयोजित किया जाएगा। इस होने वाले अधिवेशन का कॉन्फ्रेंस चेयरमैन जबलपुर मेनग्रुप के वरिष्ठ सदस्य मुल्कराज अंजलि जैन को बनाया गया है। कार्यक्रम में फेडरेशन की राष्ट्रीय संरक्षिका पुष्पा प्रदीप कासलीवाल, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायक और फेडरेशन के मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू, संजीव जैन संजीवनी ने बताया कि इस अधिवेशन में 375 ग्रुप एवं 16 रीजन के वरिष्ठ पदाधिकारी और फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 2 मार्च को जैन भजन गायक अवशेष बांठिया जैन ग्रुप भजनों की प्रस्तुति देंगे। 3 मार्च को अधिवेशन व बैनर प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कटाक्ष




## बीएड-एलएलबी का रिजल्ट पांच माह से अटका विद्यार्थी ने अधिकारियों से लगाई गुहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में रिजल्ट को लेकर व्यवस्था बिगड़ गई है। मंगलवार को विश्वविद्यालय की छात्र सुनवाई में बीएड-एलएलबी के विद्यार्थी पहुंचे। उन्होंने जल्द परीक्षा परिणाम घोषित करने की गुहार लगाई है। बीएड दूसरे और एलएलबी दूसरे-चौथे सेमेस्टर का रिजल्ट रुका हुआ है। विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा अक्टूबर में खत्म हो चुकी है। मगर रिजल्ट पांच महीने बाद भी जारी नहीं हुआ है। वहीं अगले सेमेस्टर की परीक्षा भी नजदीक आ चुकी है। ऐसे में विद्यार्थी परेशान हो रहे है।

मामले में परीक्षा नियंत्रक डा. अशोष तिवारी ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया और कहा कि बीएड दूसरे और एलएलबी चौथे सेमेस्टर का रिजल्ट 25 फरवरी तक घोषित किया जाएगा। वहीं, एलएलबी दूसरे सेमेस्टर की कापियां जांचने का काम अंतिम चरणों में चल रहा है। यह रिजल्ट मार्च पहले सप्ताह में निकाला जाएगा।

### पूरक परीक्षा में भी फेल

छात्र सुनवाई में स्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी पहुंचे। विद्यार्थियों का कहना था कि मुख्य परीक्षा में एक विषय में फेल हो गए। उसके बाद पूरक परीक्षा दी, लेकिन उसमें भी विषय नहीं निकला। मगर हमारा अंतिम वर्ष की परीक्षा का फार्म जमा नहीं हुआ है। मामले में परीक्षा नियंत्रक डा. तिवारी ने समझाया और कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के नियमानुसार पूरक विषय पास करने के बाद ही अगली कक्षा की परीक्षा देने के लिए पात्र होंगे। अभी द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षा में सिर्फ एक विषय देना होगा। इसमें उत्तीर्ण होने के बाद अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। बाद में विद्यार्थियों ने पूरक विषय की उत्तरपुस्तिका को रिव्यू में जंचवाने की मांग उठाई। इस पर अधिकारियों ने तर्क दिया कि पूरक परीक्षा में रिव्यू का प्रविधान नहीं है।

### नहीं मिली अंकसूची

बीए, बीकाम और बीएससी के कई विद्यार्थी अंकसूची नहीं मिलने की शिकायत लेकर पहुंचे। विद्यार्थियों का कहना था कि मुख्य परीक्षा का रिजल्ट आए महीनों बीत चुके हैं। मगर प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को अंकसूची नहीं मिली। ऐसे में कालेज बदलने में परेशान आ रही है, क्योंकि माइग्रेशन और कालेज से टीसी नहीं मिल रही है। विद्यार्थियों ने अंकसूची के बारे में पूछा तो कालेज ने विश्वविद्यालय में संपर्क करने की बात कहीं। मामले में परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि मूल अंकसूची जल्द ही विश्वविद्यालय जारी करेंगा। इसके लिए विद्यार्थियों को थोड़ा इंतजार करना होगा। वैसे कम्प्यूटराज्ड अंकसूची को सत्यापित कर माइग्रेशन दिया जा रहा है।

मंथरा गान के छठे सत्र में

# वाल्मिकी -तुलसी के साथ संवाद का करुण प्रसंग का स्वर गायन हुआ











@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गत दिवस मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के सभागार में मंथरा गान की छठी कड़ी प्रस्तुत की गई । कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती पूजन दीप प्रज्वल एवं एवं स्वरचित रचना के माध्यम से सरस्वती वंदना सुमधुर आवाज में अद्भुत शैली में डॉक्टर दीप्ति गुप्ता एवं डॉ बरखा श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत की गई । तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत श्री कमलेश दवे जी सहज श्री राजेश शर्मा जी श्री कमलेश कात्रे जी एवं श्री विजय खंडेलवाल जी द्वारा किया गया । तत्पश्चात श्री पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा मंथरा गान की छठी कड़ी को छठे पुष्प के रूप में समर्पित करते हुए मंथरा के चरित्र पर प्रकाश डाला साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि सततन जी द्वारा रचित खंडकाव्य में कैसे मंथरा ने वाल्मीकि जी एवं तुलसीदास जी से प्रति प्रश्न करते हुए उनकी मन की व्यथा कैसी रही होगी ,इस पर विस्तार से प्रकाश डाला । जो निश्चित ही अनछुए पहलू थे उन पर उनके द्वारा प्रकाश डाला गया। अतिथि उदबोधन में श्री सरोज कुमार जी त्रिपाठी ने ऐसे आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता ब्राह्मण समाज के गौरव श्री सुरेंद्र शर्मा जी द्वारा मंथरा गान के इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए खुद को अच्छा लगा ऐसा व्यक्त किया । अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री नरहरि जी केकरे ने आयोजन में उपस्थित होकर सभी के साथ सत्संग का लाभ मिला वह प्रशंसनीय है । आभार व्यक्त करते हुए डॉक्टर शशी निगम द्वारा सभी आए हुए अतिथियों एवं सुधी श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन संस्था काव्य रस के संस्थापक एवं साहित्यकार श्री राजेंद्र पांडे तपन द्वारा किया गया सआनंद कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जनसुनवाई

## आवेदकों की समस्याओं को सुनकर किया गया निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं का सुना और उनका यथा संभव निराकरण किया। उन्होंने जरूरतमंदों को रेडक्रास के माध्यम से तात्कालिक रूप से आर्थिक सहायता भी दी। जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष सिंह के समक्ष एक 80 वर्ष की बुजुर्ग महिला पहुंची। उसने बताया कि मैं अपने बेटे के साथ में रहती हूं। बेटे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं हैं। आय का कोई जरिया भी नही है। कलेक्टर ने तुरंत 20 हजार रूपये की आर्थिक मदद दी। इसी तरह एक और अन्य महिला भी कलेक्टर के समक्ष आवेदन लेकर पहुंची। उसने बताया कि मेरे पति का अकास्मिक निधन हो गया है। मेरे दो छोटे-छोटे बच्चें है। मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। तात्कालिक जरूरतों की पूर्ति के लिए 10 हजार रूपये की मदद दी गई।

# लायस में हुआ पूर्व डिस्ट्रीक गवर्नर का ऐतिहासिक सम्मान

### रीजन 1 राम लक्ष्मण सीता राम मय माहौल में




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रीजन कॉन्फ्रेंस ' बंसतोत्सव' का भव्य आयोजन ॐ साई गोयल रिसोर्ट पर किया गया जिसकी अध्यक्षता रीजन चैयरमेन MJF लायन चन्द्रप्रकाश हेडा द्वारा की गई । क्राफेस का उदघाटन डिस्ट्रीक गर्वरनर लायन यश शर्मा द्वारा किया गया । मुख्य अतिथी के रूप मे पास्ट इन्टरनेशल डायरेक्टर लायन कमलेश जैन सांसद श्री शंकर लालवानी एवं LIC के वरिष्ट मंडल प्रबंधक श्री प्रभात साहू थे। विशिष्ट अतिथी के रूप में श्री योगेंद्र रुणवाल एवं अनिल खण्डेलवाल प्रथम एवं द्वितिय वाईस गर्वनर उपस्थित थे।

लायन डॉ चंद्र प्रकाश हेडा ने विभिन्न क्लबों द्वारा की गई सेवा गतिविधियो के आधार पर क्लब अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्यो का सम्मान किया गया साथ ही जोन चैयरपर्सन लायन वीरेन्द्र गुप्ता , लायन चेतना लखोटिया एवं लायन जेपी एस राणावत का सम्मान किया गया । रीजन कान्फ्रेस मे विशेष रूप से सभी पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर्स का विगत वर्षो मे उनके द्वारा दी गई उत्कृष्ट सेवा एवं मार्गदशन के लिए आदर पूर्वक सम्मान भगवा टुपट्टे एवं राम मंदिर मय राम फोटो मोमेन्टो के साथ रीजन चैयर पर्सन डॉ चन्द्रप्रकाश हेडा द्वारा किया गया। कान्फ्रेस का मुख्य आकर्षण राम लक्ष्मण जानकी के साथ हनुमान जी बने कलाकारो की प्रस्तुति रही जिसने सभी का मन मोह लिया, साथ ही अयोध्या मंदिर की सुंदर प्रतिकृति भी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही । रीजन की स्मारिका ' समन्वय ' का विमोचन भी सभी अतिथियो द्वारा किया गया जिसमे वर्ष के अभी तक के कार्यकाल का उल्लेख रीजन 1 का है।

इस काफ्रेस मे इन्दौर ही नही बल्कि बाहर जिले के भी तकरीबन 300 से अधिक लायन साथी मौजुद थे। स्वागत उद्बोधन लायन मोहन लाल अग्रवाल, संचालन लायन संजय डिगडाग एव स्मारिका सम्पादक लायन विनोद जोशी एवं चंद्र कुमार चौहान थे। अंत मे आभार लायन नरेश लाखेटिया ने माना।

→दिग्विजय सिंह ने आरएसएस और बीजेपी पर साधा निशाना

# गुना में बोले- पहले चड्डीछाप, अब पेटीकोट छाप जो आ गए हैं, ये धर्म नहीं है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर RSS और BJP पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा- पहले चड्डीछाप, अब पेटीकोट छाप जो आ गए हैं। ये धर्म नहीं है। कहते हैं भगवान राम को ले आए। इन्हें धर्म से कुछ लेना-देना नहीं था, इनको मस्जिद तोड़ना था। दिग्विजय सिंह ने गुना लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि पार्टी मुझसे जो कहेगी, मैं वही करूंगा। दिग्विजय सिंह सोमवार को गुना में गुना और बमोरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचे थे।**



**दिग्विजय सिंह ने ये कहा -** इस देश की संस्कृति, इतिहास, इस देश के संस्कार को समझो। पहले चड्डीछाप, अब पेटीकोट छाप जो आ गए हैं। ये धर्म नहीं है। कहते हैं 500 साल की गुलामी, भगवान राम को ले आए। अरे नालायको, तुमसे नीरव मोदी नहीं लाया गया, विजय माल्या नहीं लाया गया, तुम भगवान राम को ले लाओगे। कहते थे रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। मस्जिद तोड़कर बनाएंगे। इन्हें धर्म से कुछ लेना-देना नहीं था, इनको मस्जिद तोड़ना था।ह्न

दिग्विजय सिंह ने कहा- ह्यभगवान बुद्ध ने कहा था कि सत्य, अहिंसा, प्रेम, सद्भाव यही हर धर्म का मूल संदेश है। इसी मूल संदेश को गीता ने भी कहा है, अद्वैत में भी इसका उल्लेख है। इस्लाम मे भी है, बाइबिल में भी है।

गुरु नानक ने तो हर धर्म के जो अच्छे कवि और प्रचारक थे, उन सब के दोहे गुरु ग्रंथ साहिब में डाले हैं। जो स्वर्ण मंदिर है, उसकी नींव एक मुस्लिम फकीर ने रखी। अमरनाथ का शिवलिंग किसी हिन्दू ने नहीं ढूंढा था, एक मुसलमान ने ढूंढा था।

## भस्म आरती दर्शन और बुकिंग के नाम पर 1 लाख की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। एक बार फिर महाकाल के भक्तों के साथ ठगी की वारदात हुई है। हैदराबाद के सेवानिवृत्त बैंककर्मी से महाकाल मंदिर में भस्म आरती दर्शन और भक्त निवास में रुकने के लिए बुकिंग के नाम पर 1 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी की वारदात हो गई।**

महाकाल मंदिर में देश,विदेश से आने भक्तो के साथ होने वाली ठगी की वारदात कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस बार घटना हैदराबाद निवासी सेवानिवृत्त बैंककर्मी प्रस्सन श्रीशेलम के साथ हुई है। बदमाशों ने प्रस्सन को महाकाल मंदिर में भस्म आरती,महाकाल दर्शन सहित भक्त निवास में रुकने सहित ओंकारेश्वर में दर्शन और रुकने के नाम पर 1 लाख रुपए से अधिक की साइबर ठगी की वारदात कर दी। प्रस्सन ने बताया कि मैंने परिजनों के साथ 5 और 6 मई को उज्जैन और ओंकारेश्वर में दर्शन का प्लान किया था। इसके लिए उज्जैन में ठहरने तथा दर्शन करने और ओंकारेश्वर दर्शन करने के लिए ऑनलाइन सर्चिंग में भक्त निवास अकोमोडेशन नाम की साइट देखी वेब साईट से नंबर लेकर बात की तो एक मिस्टर आशीष और दूसरे मिस्टर सतीश ने मुझसे बात की और नेट बैंकिंग के माध्यम से अलग-अलग बार 1 लाख 8 हजार 790 रुपये की धोखाधड़ी की। मामले में प्रस्सन जिन पंडित के माध्यम से पूजन करवाने वाले थे उनके द्वारा एक आवेदन महाकाल थाने में दिया गया है। पुलिस ने उन्हें हैदराबाद साइबर में शिकायत दर्ज करने की सलाह दी है।

## पुलिसवालों पर कुल्हाड़ी से हमला, लाठी-डंडों से पीटा

### शिवपुरी में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की जांच करने पहुंची थी टीम; तीन पुलिसकर्मी घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी में पुलिसकर्मियों पर ग्रामीणों ने कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन्हें पीटा। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। हमले में एक एएसआई समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। आरोपियों में महिलाएं भी शामिल थीं।

मामला जिले के मायापुर थाना क्षेत्र के बनियानी गांव का है। मंगलवार सुबह 11 बजे पुलिसकर्मियों की टीम उट हेल्पलाइन में की गई शिकायत की जांच करने गांव पहुंची थी। ग्रामीणों ने अचानक टीम पर हमला कर दिया। पुलिसकर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। इसके बाद आरोपी भी घरों में ताला डालकर फरार हो गए। मायापुर थाना पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, शासकीय कार्य में बाधा और हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

**सीएम हेल्पलाइन पर की थी पुलिसवालों की शिकायत-** दरअसल, 30 अगस्त 2023 को बनियानी गांव के रहने वाले शिशुपाल लोधी (32) का शव खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मायापुर थाने के सामने चक्काजाम कर दिया था। परिजनों ने दिग्विजय सिंह, बालकुमार, धर्मेंद्र, अमित,अनिल, भरत, अशवेंद्र, उमेश, करन सिंह, लालाराम, हजरत,अमोल पर हत्या के आरोप लगाए थे। पुलिस ने तब आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर लिया था। तब से लेकर आज तक सभी आरोपी फरार हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी।

### पुलिस शिकायत की जांच करने पहुंची थी

मंगलवार सुबह 11 बजे मायापुर थाने से एएसआई प्रताप सिंह गुर्जर, आरक्षक चन्द्र भान सिंह, पुलिसवाहन का ड्राइवर क्षेत्रपाल यादव बनियानी गांव गए थे। आरक्षक चंद्रभान ने बताया कि हम सभी राजेंद्र लोधी के घर पहुंचे। राजेंद्र से कहा कि तुमने जो उट हेल्पलाइन में शिकायत कर रखी है, उसके बारे में जांच करना है। इसी बात को लेकर आरोपी राजेंद्र भड़क गया।

# नपा कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

### बेटे को नौकरी से निकालने पर आरोपी ने दफ्तर में घुसकर किया फायर, गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मनावर**-धार। धार जिले के मनावर में नगर पालिका परिषद के कर्मचारी की हत्या कर दी गई। आरोपी ने कर्मचारी को दफ्तर में घुसकर गोली मारी। उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महेंद्र त्रिवेदी (50) आवक जावक कार्यालय में अपना काम कर रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे आरोपी नरेंद्र डोली वहां पहुंचा और देसी कट्टे से फायर कर दिया। गोली महेंद्र के सीने में लगी। नजदीकी अस्पताल से उसे जिला अस्पताल बड़वानी रेफर किया गया। जहां दोपहर करीब 1 बजे उसकी मौत हो गई। महेंद्र त्रिवेदी की माता विजया बाई अहमदाबाद में हैं। उनके आने के बाद बुधवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**आरोपी का बेटा आउटसोर्स कर्मचारी था-** जानकारी लगते ही एसडीओपी धीरज बब्बर, टीआई कमलेश सिंघार मौके पर पहुंचे। एसडीओपी धीरज बब्बर ने बताया, ह्यनरेंद्र डोली का बेटा कृष्णा मनावर नगर पालिका में आउटसोर्स पर काम करता था। उसे पिछले साल निकाल दिया गया था। इसी बात को लेकर नरेंद्र और महेंद्र में विवाद चल रहा था।ह्नवारदात के दौरान मौके पर मौजूद नरेंद्र जाट और कपिल भाटी ने बताया कि आरोपी एक गोली मारने के बाद महेंद्र पर दूसरा फायर भी करना चाहता था। महेंद्र के चिल्लाने पर वह दूसरी गोली चलाए बिना ही भाग गया।

**आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार-** टीआई कमलेश सिंघार ने बताया कि आरोपी नरेंद्र डोली भागने की फिराक में था। उसे मनावर से 3 किलोमीटर दूर से दोपहर करीब 3 बजे गिरफ्तार लिया है। आरोपी के पास से हथियार और मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपी कट्टा और मोबाइल नदी में फेंकने वाला था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। धार एसपी मनोज कुमार सिंह शाम को मनावर पहुंचेंगे।

## छात्रावास में बालक की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** जिले के तराना उत्कृष्ट बालक छात्रावास में अध्ययनरत छात्र आज सुबह नींद से नहीं जागा तो उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच की मांग की।

तराना थाना पुलिस ने बताया कि मंलगवार सुबह उत्कृष्ट बालक छात्रावास से कृष्णपाल उर्फ कान्हा पिता कन्हैयालाल भाटी आयु 17 साल नींद से नहीं जागा। काफी देर तक प्रयास करने के बाद भी वह नहीं उठा तो छात्रावास के अन्य छात्रों ने पुलिस को सूचना दी थी। कृष्णपाल को अस्पताल लाया गया,जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी परिजनों को दी तो वह भी अस्पताल पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। संभावना जताई जा रही है कि छात्र कृष्णपाल को साइलेंट अटैक आया होगा। पुलिस के अनुसार कृष्णपाल कक्षा 10वीं मे अध्ययन कर रहा था और ग्राम बिशनखेड़ी का रहने वाला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही छात्र की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## दलित युवक को पीटा, पैर से रगड़वाई नाक

### पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद, 7 लोगों पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास। देवास में एक युवक को बेरहमी से पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद थाना बीएनपी पुलिस ने सात आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। देवास बायपास पर उज्जैन के एक दलित युवक को पीटने और पैर पड़ने और पैर पर नाक रगड़ाने का मामला सामने आया।**

घटना 8 फरवरी की रात की है, लेकिन सोमवार को घटना का वीडियो वायरल हुआ। विवाद पैसे की लेन-देन का सामने आ रहा है। पीड़ित युवक जिसके साथ मारपीट हुई वह उज्जैन का निवासी है। बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि पीड़ित रामसिंह मकवाना को उसका एक साथी शुभम बना 8 फरवरी को देवास में दोस्त के यहां जन्मदिन मनाने का लिए कहकर लाया। बायपास स्थित फैमिली ढाबे के पास आरोपी शुभम और उसके साथियों ने रामसिंह से मारपीट की और जातिसूचक शब्द कहे। इस पर शुभम सहित 7 आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। हालांकि अभी सभी आरोपी फरार है।

### क्या है वीडियो में

शुभम व उसके साथी रघुवंशी ने रामसिंह से कहा, मैं जितना बोलूं उतना ही बोलना... चल पहले पैर पड़ और कुछ करेगा... रामसिंह ने कहा मैं कुछ भी नहीं करूं भैया, रघुवंशी बोला- तूने उसकी कॉलर क्यों पकड़ी थी, रामसिंह ने इनकार किया, कहा कॉलर नहीं पकड़ी तुम बोलो तो जल हाथ में उठा लूंगा, इसके बाद सामने वाले रघुवंशी ने युवक को चांटा मारकर पूछा मुझे जानता है तो पीड़ित ने कहा नहीं जानता, मैं रघुवंशी हूं चल आज मेरी अच्छे से शकल देख ले। पीड़ित ने कहा- ये हमारे बना साहब है। रघुवंशी फिर बोला- इनकी कॉलर पकड़ी थी, इंकार करने पर रामसिंह को चांटा मारकर कहा- झूठ मत बोल और आई लव यू बोल-बोलकर उसे पीटने लगे।

इस पर पीड़ित रामसिंह कहना है कि उसकी शुभम से 6 महीने पहले ही दोस्ती हुई थी, पैसे का लेनदेन नहीं था। घटना वाले दिन दोस्त जन्मदिन के बहाने देवास ले आया। ढाबे पर उसने अपने साथियों को बुला लिया। मेरे कॉलर पकड़ने की झूठी बात करते हुए 5 लाख की फिरौती मांगने लगे। मुझे सभी ने शराब के नशे में इतना पीटा की में मरते-मरते बचा। मेरा मोबाइल तोड़ दिया। साथ ही कान की बाली व हाथ की चेन भी छीन ली।

## Jammu & Kashmir

# धरती के स्वर्ग पर दौड़ी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन, आसमान से बरसे फाहे

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही पीएम मोदी ने भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया। अब देश के किसी भी हिस्से ट्रेन के माध्यम से कश्मीर जाने का सपना जल्द ही सच होने जा रहा है।



पीएम मोदी ने श्रीनगर से संगलदान और संगलदान से श्रीनगर तक इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह कश्मीर की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन है। इस ट्रेन के शुरू होने से घाटी में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पीएम मोदी ने संगलदान और बारामुला स्टेशन के बीच डीईएमयू ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन स्थानीय किसानों, व्यापारियों, कारीगरों और छात्रों के लिए बेहतर परिवहन विकल्प प्रदान करेगी। इसके साथ ही इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार बढ़ेगा। पीएम मोदी ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) पर भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग का भी उद्घाटन किया। अधिकारी ने कहा, 'यह सबसे लंबी सुरंग, जो 12.77 किमी लंबी है और टी-50 के नाम से जानी जाती है।

## Uttarpradesh

# कब्र से निकाली लाश की गवाही पर पत्नी और साले को हुई उम्रकैद

### →प्रॉपर्टी के लिए जहर देकर किया गया था कत्ल

**कानपुर, (एजेंसी)** संपत्ति के लालच में ट्रांसपोर्टर पति की जहर देकर हत्या करने वाली पत्नी और साले को जिला जज की कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनों ने वारदात के बाद जौनपुर जाकर पति का शव दफना दिया था। कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम में विसरे की फॉरेंसिक जांच हुई। उसको काफी समय तक सुरक्षित रखा गया। फिर जांच रिपोर्ट में जहर देकर मारने की पुष्टि हुई। इसी आधार उन्हें सजा मिली। अदालत ने दोनों पर 35-35 हजार का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना न देने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आरोपी साला जीजा के साथ ही ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था। डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी और अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ओंकार नाथ वर्मा ने बताया कि जौनपुर कोतवाली निवासी सैय्यद सरदार हुसैन ने नौबस्ता थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उनके मुताबिक 20 जून 2015 को उनके न्यू सरदार ट्रांसपोर्ट के मालिक बेटे सैय्यद जफर अब्बास उर्फ आबिद हुसैन को उसकी पत्नी प्रयागराज के करेली निवासी नफीस फातिमा उर्फ शमा और साले फराज ने मछरिया में जहर देकर मार दिया है। साला बेटे के साथ ट्रांसपोर्ट का काम ही करता था। आनन-फानन में ससुरालियों ने शव को जौनपुर के सदर इमामबाड़े में दफना भी दिया। मामले में नौबस्ता पुलिस ने पत्नी और साले के खिलाफ चार्जशीट भेजी। कोर्ट के समक्ष मृतक ट्रांसपोर्टर के भाई आरिफ अब्बास और मोहम्मद अब्बास समेत 15 लोगों ने गवाही दी। इसमें संपत्ति की लालच में आए दिन लड़ाई झगड़ा करने की बात भी सामने आई। नौबस्ता पुलिस ने जौनपुर जाकर शव को कब्र से निकाला। फिर उसका पोस्टमार्टम कराया।

## New Delhi

# सीनियर एडवोकेट फली नरीमन का निधन, कभी इंदिरा गांधी सरकार के विरोध में दे दिया था इस्तीफा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत के वरिष्ठ वकीलों में शुमार फली एस नरीमन का निधन हो गया है। बुधवार को उन्होंने 95 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उनके बेटे रोहिंटन नरीमन भी सीनियर एडवोकेट रह चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट में जज हैं। नरीमन ने वकील के तौर पर करियर की शुरुआत नवंबर 1950 में की थी। उनके जीवन से जुड़ा एक किस्सा काफी चर्चा में रहा, जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सरकार के फैसले के खिलाफ ASG पद से इस्तीफा दे दिया था। लंबे कानून करियर के दौरान नरीमन कई बड़े ऐतिहासिक मामलों का भी हिस्सा रह चुके हैं। इनमें NJAC का फैसला भी शामिल है। वह SC AoR मामले में भी कोर्ट में पेश हुए थे। कहा जाता है कि यह मामला कॉलेजियम सिस्टम के अस्तित्व में आने की बड़ी वजह था। वह टीएमए पई जैसे कई बड़े मामलों में भी कोर्ट पहुंचे। माना जाता है कि नरीमन साल 1975 में घोषित हुए आपातकाल के सरकार के फैसले से भी खुश नहीं थे।



## Bihar

# बिहार के लखीसराय में बड़ा हादसा, अज्ञात वाहन ने ऑटो में मारी टक्कर, 9 की मौत

**लखीसराय, (एजेंसी) बिहार के लखीसराय से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां भीषण सड़क दुर्घटना में 9 लोगों की मौत हो गई है. वहीं आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार, यह घटना रामगढ़चौक थाना क्षेत्र के बिहरौरा गांव की है. घटना आज रात डेढ़ से दो बजे के बीच हुई है. बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो के परखच्चे उड़ गए. यह एक्सीडेंट लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर बिहरौरा गांव के पास हुआ है.

यहां 15 लोग एक ऑटो में सवार होकर जा रहे थे, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगने से चीख-पुकार मच गई, 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, वहीं अन्य घायल हैं. मृतकों में 8 लोग मुंगेर जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. ये सभी लोग कैटरिंग का काम करते थे, जो काम करके सिकंदरा से लखीसराय आ रहे थे.

मृतकों में ऑटो चालक मनोज कुमार, दीवाना कुमार, छोटू कुमार, रामू कुमार, अमित कुमार सहित 9 लोग शामिल हैं. ऑटो चालक मनोज जिले के महिसोना गांव का था. 5 घायलों को इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है. आसपास के लोगों ने देखा तो सूचना पुलिस को दी.

## खेल

# रांची में अब तक टेस्ट मैच नहीं हारा भारत, धोनी के शहर में पहली बार खेलेगा इंग्लैंड

**रांची, (एजेंसी)** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में खेला जाएगा। दोनों टीमें जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्पलेक्स में 23 फरवरी से आमने-सामने होंगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद में टेस्ट जीतकर सीरीज की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की थी। उसके बाद रोहित शर्मा की टीम ने शानदार वापसी की। उसने विशाखपत्तनम और राजकोट में खेले गए मुकाबलों में जीत हासिल कर सीरीज में 2-1 की बढ़त ले ली।

रांची में भारत की नजर अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी। वहीं, इंग्लैंड की टीम सीरीज में बने रहने के लिए जीत और ड्रॉ की उम्मीद करेगी। भारत के महान कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का यह गृह नगर है। टीम इंडिया अब तक यहां एक भी टेस्ट नहीं हारी है। वहीं, इंग्लैंड पहली बार धोनी के शहर में क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में खेलने उतरेगा।



रांची में अब तक दो टेस्ट मैच खेले गए हैं। यहां पहला मुकाबला 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। वह मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। वहीं, दूसरा मुकाबला उसके दो साल बाद 2019 में आयोजित हुआ था। तब टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को हरा दिया। भारत इस मैदान पर कभी नहीं हारने के अपने रिकॉर्ड को बरकरार रखने उतरेगा।

2017 में जब भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें रांची में आमने-सामने हुई थीं तब रवींद्र जडेजा का जादू देखने को मिला था। उन्होंने कंगारू टीम के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट लिए थे। उसके बाद भारत के लिए पहली पारी में नाबाद 54 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, जडेजा ने दूसरी पारी में भी घातक गेंदबाजी की थी और चार विकेट झटके थे। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट अपने नाम किया था। अश्विन के नाम यहां तीन रन हैं। 2017 में खेलने वाली टीम के सिर्फ ये दोनों सदस्य ही मौजूदा भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

2019 में भारत जब इस मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरा था तब रोहित शर्मा ने दोहरा शतक लगाया था। उन्होंने पहली पारी में 212 रन बनाए थे। जडेजा ने 51 और अश्विन ने 14 रन बनाए थे। गेंदबाजी में जडेजा ने पहली पारी में दो विकेट लिए थे। दूसरी पारी में उन्हें एक सफलता मिली थी। अश्विन को पहली पारी में सफलता नहीं मिली थी। वहीं, दूसरी पारी में उन्होंने एक विकेट लिया था। भारत पारी और 202 रन से मैच जीता था।

रांची में रोहित शर्मा सबसे ज्यादा रन 212 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर चेतेश्वर पुजारा हैं। उन्होंने दो मैच में 202 रन बनाए हैं। जडेजा ने दो मैच में 105 रन बनाए हैं। वह इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सातवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में जडेजा ही नंबर-1 हैं। उन्होंने दो मैच में 12 विकेट लिए हैं।

## सिनेमा

# विद्या बालन के नाम से फर्जी अकाउंट चला रहा था शख्स, लोगों को मैसेज करके मांगता था पैसे, एक्ट्रेस ने कराई FIR



बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन ने एक अनजान शख्स के खिलाफ FIR दर्ज करवाई है। यह शख्स विद्या बालन के नाम का फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर लोगों से पैसे मांग रहा था। जानकारी के मुताबिक इस शख्स ने हूबहू विद्या बालन जैसा इंस्टाग्राम अकाउंट तैयार किया और फिर लोगों को मैसेज करके किसी ना किसी बहाने से उनके पैसे मांग रहा था। इस शख्स ने विद्या बालन जैसी ही जीमेल आईडी भी तैयार की थी जिसके जरिए वो इन फर्जी अकाउंट्स को हैंडल कर रहा था।

यह शख्स बॉलीवुड से जुड़े लोगों को मैसेज करके उनसे पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहा था। यह इंसान न्यूकमर्स से पैसे लेकर उन्हें फिल्मों में काम और जॉब दिलवाने का दावा करता था। जब एक्ट्रेस को इस बारे में पता चला तो उन्होंने मामले की शिकायत मुंबई पुलिस में की। एक्ट्रेस की शिकायत पर मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में धारा 66C के तहत FIR दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई है। विद्या बालन ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा, 'हैलो दोस्तों.. पहले फोन नंबर और अब कोई मेरे नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट चला रहा है। इस अकाउंट के जरिए वो मेरा नाम लेकर लोगों से संपर्क कर रहा है। मैंने और मेरी टीम ने इस बारे में रिपोर्ट की है। आपको भी रिपोर्ट करके इस अकाउंट को ब्लॉक करना चाहिए।

# संपादकीय

## लापरवाही और सफर में यात्रियों की मुश्किलें

मुंबई हवाई अड्डे पर अस्सी वर्ष के एक बुजुर्ग की मौत सिर्फ इसलिए हो गई कि वहां उसे समय पर पहिएदार कुर्सी मुहैया नहीं कराई गई, जबकि इसके लिए पहले ही अनुरोध कर दिया गया था। मगर संबंधित विमानन कंपनी का कहना है कि पहिएदार कुर्सी की किल्लत थी और बुजुर्ग को इंतजार करने के लिए कहा गया था, मगर वे पैदल ही चल पड़े। सवाल है कि न्यूयार्क से चल कर मुंबई पहुंचे बुजुर्ग ने अगर पहले ही इसके लिए बुकिंग कराई थी, तब उसे सही समय पर कुर्सी मुहैया कराना किसकी जिम्मेदारी थी? विमान यात्रा के दौरान हवाई अड्डे पर पहुंचने से लेकर हर स्तर पर अगर कोई यात्री जाने-अनजाने में नियम के विरुद्ध कोई व्यवहार करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी सक्रियता बरती जाती है। इसका मकसद होता है कि किसी भी तरह की अव्यवस्था न पैदा हो, क्योंकि विमान यात्रा बेहद संवेदनशील होती है और उसमें मामूली गलती भी बड़ा खतरा पैदा कर सकती है। इसका एक संदेश यह भी है कि विमान सेवाओं को संचालित करने वाले महकमे की ओर से भी कोई लापरवाही न बरती जाए। मगर आए दिन देखा जाता है कि अव्यवस्था की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्यादा दिन नहीं हुए, जब एक यात्री विमान के शौचालय में गया और तकनीकी खराबी की वजह से उसी में बंद हो गया। उसे उसी में बंद रह कर यात्रा पूरी करनी पड़ी। इसके अलावा, खराब मौसम या अन्य वजहों से हवाई यात्रा में दस-बारह घंटे या इससे ज्यादा वक्त की देरी को भी सामान्य मान लिया जाता है। हाल ही में एक विमान के यात्री हवाई पट्टी पर ही उतर कर खाना खाने या वक्त काटने लगे। सुरक्षा जांच से गुजरने और उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी की वजह से विमान को आपात स्थिति में फिर से उतारने की घटनाएं भी सामने आईं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक बेहद छोटी खामी के चलते विमान यात्रियों के साथ क्या हो सकता है। यह सब भी अव्यवस्था के ही अंतर्गत दर्ज किया जाना और इसके लिए जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए, नियमों के मुताबिक कार्रवाई होनी चाहिए। मुंबई हवाई अड्डे पर पहिएदार कुर्सी मुहैया न होने से बुजुर्ग की मौत एक सबसे व्यवस्थित मानी जाने वाली सेवा की कलई खोलती है।

**अर्ज़ किया है..!**

*तहज़ीब के लिबास*
*उतर जाएँगे जनाब*
*डॉलर में यूँ नचाएगी*
*इक्कीसवीं सदी*

*- बशीर बद्र*





**मेरे साधक भाई-बहन कभी भी किसी की कृपा का मंथन नहीं करना... ये दरिया मंथन करने जैसा नहीं.... ये किसी की कृपा के ऊपर तुम आक्षेप करोगे.... कृपापराध हो जाएगा...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# ब्रह्मांड में मिला सबसे तेज फैलता Black Hole

## हर दिन एक सूरज को बना रहा अपना निवाला



एस्ट्रोनॉमर्स को ब्रह्मांड का सबसे तेजी से फैलता हुआ ब्लैक होल मिला है. यह इतनी तेजी से फैल रहा है कि यह हर दिन एक सूरज को अपना निवाला बना रहा है. यह बेहद भूखा है. इसे इसके आसपास जितने भी ग्रह, आकाशगंगाएं, सूरज, तारे मिल रहे हैं, सबको निगल ले रहा है. इसलिए यह ब्रह्मांड का सबसे ज्यादा चमकने वाला ऑब्जेक्ट बन गया है.

इस ब्लैक होल के बारे में हाल ही में Nature Astronomy जर्नल में रिसर्च पेपर छपा है. ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (ANU) के वैज्ञानिकों ने इसे सबसे पहले देखा. इन वैज्ञानिकों ने साइडिंग स्प्रिंग ऑब्जरवेटरी में लगे टेलिस्कोप से इस चमकदार क्वासार (Quasar) को देखा.

ANU के साइंटिस्ट क्रिश्चियन वोल्फ ने बताया कि ब्लैक होल से ऊर्जा लेकर क्वासार चमकते हैं. वैज्ञानिक अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा चमकदार वस्तुओं की खोज कर रहे थे. इसके लिए उन्होंने 2.3 मीटर टेलिस्कोप की मदद ली. फिर यह देखा कि इन वस्तुओं में ब्लैक होल कितने हैं. इसके बाद वो यूरोपियन साउदर्न ऑब्जरवेटरी के वेरी लार्ज टेलिस्कोप गए.

### 120 करोड़ साल लग रहे रोशनी को धरती पर पहुंचने में

वहां जाने का मकसद था अपनी खोज की पुष्टि करना. इस क्वासार से निकलने वाली रोशनी धरती पर 120 करोड़ साल में पहुंच रही है. लेकिन क्रिश्चियन का कहना है कि ये ब्लैक होल असल में तेजी से फैल रहा है. यह फिलहाल दरती से 200 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर है. इसका वजन हमारे सूरज से 170 करोड़ गुना ज्यादा है.

### इतना बड़ा है कि 200 या 300 करोड़ सूरज समा जाएं

कई बार ब्लैक होल इतने बड़े होते हैं कि उनमें 200 या 300 करोड़ सूरज समा सकते हैं. ब्रह्मांड में कई ब्लैक होल हैं लेकिन उनकी भूख कम है. वो कम पदार्थों को बाहर निकालते या निगलते हैं. कम गर्मी और रोशनी निकालते हैं. कम चमकदार होते हैं. लेकिन ये वाला ब्लैक होल विशालकाय, चमकदार, गर्म और रोशनी से लबालब है.

### ब्रह्मांड भी सोखता है 20 फीसदी रोशनी

क्रिश्चियन वोल्फ और उनकी टीम ने 2022 में भी ऐसा ही एक ब्लैक होल खोजा था. लेकिन ये वाला उससे कई गुना ज्यादा बड़ा, भयानक और भूखा है. हमारी आकाशगंगा यानी मिल्की वे में डस्ट क्लाउड हैं. यानी धूल से भरे बादल. ये ब्रह्मांड की रोशनी को सोखते हैं. कम से कम ब्रह्मांड का 20 फीसदी रोशनी ये समा लेते हैं.

### इस ब्लैक होल का केंद्र 7 लाख प्रकाश वर्ष चौड़ा

इतनी रोशनी ब्रह्मांड में खत्म होने का बाद भी बहुत सारी चमकदार चीजें बच जाती हैं. यह विशालकाय ब्लैक होल के अंदर चुंबकीय तूफान चल रहा है. यह तूफान 7 प्रकाश वर्ष चौड़ा है. इसका तापमान 10 हजार डिग्री सेल्सियस के आसपास है. क्रिश्चियन ने बताया कि हमारा ब्रह्मांड किशोरावस्था में है. अभी इसके शरीर में कई तरह के बदलाव होंगे.

## Highlights

1. Farmers resuming 'Delhi Chalo' protest seen wearing gas masks
2. 9 killed as auto hit by speeding truck in Bihar
3. Pay ₹60 lakh to ex-Army nurse who was sacked after marriage: Supreme Court to govt
4. Traffic curbs in Delhi-NCR as farmers resume 'Delhi Chalo' protest
5. Minister Dharmendra Pradhan inaugurated 1st skill India centre
6. Don't give equipment for farmers' protest: Haryana Police to JCB owners
7. Assam CM Himanta Biswa hails Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

# Paytm may partner with HDFC Bank, SBI for UPI payments ahead of RBI deadline: Report

**NEW DELHI, (Agency).** As Paytm Payments Bank continues to navigate its way through the ongoing crackdown by the Reserve Bank of India (RBI), it may take around three to six months to shift the accounts of customers to alternative banks, reported Business Standard.

A Business Standard report citing people aware of the matter said that all the existing Paytm customers may take around six months to shift to other banks, which is way past the deadline set by RBI for halting transactions for the Paytm Payments Bank.

Sources said that Paytm is looking to apply for a third-party application provider (TPAP) licence from the National Payments Corporation of India (NPCI) amid the ongoing crisis. By getting this license, Paytm will be able to ensure that customers will be able to make UPI payments through the app.

This new development comes as parent company




One 97 Communications remains concerned that RBI might revoke the banking license of Paytm Payments Bank, as the deposits and transactions from the accounts have been banned after March 15.

"It depends on how the RBI is thinking about the entire process. The shift does not happen overnight or over a period of a few days. The process of migrating all Paytm customers to another payment service provider (PSP) may take anywhere between three months and six months, given the large number of customer base that Paytm has," Business Standard quoted a source as saying.

Further, it is expected that the virtual payment address for Paytm, which ends with @ paytm, will remain functional after March 15.

Paytm UPI faces threat

Currently, Paytm customers are able to make their UPI payments through the VPA of the company. The UPI payments of Paytm operate under the Paytm Payments Bank license. If RBI ends up cancelling this license, this can halt the Paytm UPI transactions altogether.

# Blue Aadhaar card for children below age of 5 years: What is it, how to apply

**NEW DELHI, (Agency).** A Blue Aadhaar Card- Baal Aadhaar Card- is an Aadhaar card issued for children below the age of 5 years. To differentiate it from regular Aadhaar cards issued to adults, it is blue in color and is valid until the child turns 5 years old. After this, their biometric information must be updated which can be done at any Aadhaar Enrolment Center.




How does Blue Aadhaar Card work?

No biometric data of the child is required for issuing the card and the UID is processed on the basis of demographic information and photograph linked with the UID of parents.

Who can apply for Blue Aadhaar Card?

Parents can apply for Baal Aadhaar for a newborn using the birth certificate or the discharge slip of the hospital. Children's school ID can also be used for the Baal Aadhaar card.

Why Blue Aadhaar card is important?

The card helps in securing government assistance programmes and helps in the provision of EWS scholarships. Many schools have also mandated the presentation of Blue Aadhaar cards during the admission process.

How to register for Blue Aadhaar card?

Visit the UIDAI website and choose the Aadhaar card registration option.

Enter the child's name, the parent/guardian's phone number and select an appointment slot for registration.

# हादसा- मासूम बच्ची की मौत

## खेलते-खेलते छत से गिरी, बचाने के लिए पिता भी दूसरी मंजिल से कूदे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दूसरी मंजिल से गिरने के कारण एक बच्ची की मौत हो गई। बच्ची जिस मकान की छत से गिरी है उसमें निर्माण कार्य चल रहा है। उम्र लगभग ढाई साल बताई जा रही है। घटना बिचौली मर्दाना के साकार टाउनशिप की है। कनाडिया पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार दोपहर की है। निशा दूसरी मंजिल में वह खेल रही थी। अचानक उसका पैर फिसल गया। लगभग 15 फीट की उंचाई से नीचे गिर गई।

पिता सुरेश भास्कर उपचार के लिए नोबल अस्पताल ले कर पहुंचे। काफी देर तक बच्ची की सेहत में सुधार नहीं आया तो परिजन उसे एमवाय लेकर पहुंचे। यहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। रात में इलाज के दौरान ही बच्ची ने दम तोड़ दिया।परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने परिवार से लिखित में आवेदन देने की बात कही है।

### देखते-देखते सिर के बल गिर गई

निशा के माता-पिता तीन साल पहले काम के सिलसिले में इंदौर आए थे। वह जिस मकान से गिरी है उसी के पास माता-पिता झोपड़ी बनाकर रहते हैं। दोपहर साढ़े 12 बजे वह मां को आवाज लगाई। माता-पिता दूसरी मंजिल पर काम कर रहे थे। सीढियों के सहारे मां के पास पहुंची। खेलते-खेलते पैर अचानक फिसल गया। बच्ची नीचे गिर गई। काम कर रहे पिता बचाने के लिए कूदे लेकिन तब-तक बच्ची जमीन पर सिर के बल गिर चुकी थी। निशा का एक बड़ा भाई विकास है जो अपनी दादी के पास गांव में है।

### खरगोन में होगा अंतिम संस्कार

बच्ची का परिवार झिरन्या खरगोन का रहने वाला है। पिता सुरेश उसका पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते। उनका कहना है कि बच्ची को पहले से ही काफी चोट लगी है। चीर फाड़ करना अब उचित नहीं है। इस बात को सेकर वह कनाडिया थाना प्रभारी से भी मुलाकात कर चुके हैं। थाना प्रभारी ने लिखित में आवेदन देने की बात कही है। बच्ची का अंतिम संस्कार खरगोन में होगा।

# मां जिंदा जली..4 दिन बाद थी बेटे की सगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्लर्क कालोनी में मंगलवार सुबह किराना कारोबारी के मकान में आग लग गई। हादसे में कारोबारी की लकवाग्रस्त पत्नी की मौत हो गई। बेटे को बचा लिया गया। जिंदा जली अनीता गोयल बड़े बेटे विकास की सगाई नहीं देख पाई। चार दिन बाद रविवार को बेटे की सगाई होने वाली थी। हादसे से पहले सोमवार देर रात तक ममेरी बहन के साथ सगाई की तैयारी कर रही थी। लेकिन कुदरत को कुछ और मंजूर था। मंगलवार को सास की मौत की सूचना होने वाली बहु को मिली। वह भी अंतिम दर्शन के लिए अस्पताल पहुंची। बड़ा बेटा विकास शहर से बाहर है। अनीता का अंतिम संस्कार आज बुधवार को होगा। अनीता की मौत से पति जितेंद्र गोयल उर्फ पप्पू पूरी तरह से टूट गए हैं। वे हादसे के समय घर पर नहीं थे। सिर्फ छोटा बेटा मयंक था। अनीता को पैरालिसिस था। इसलिए वह तेजी से मूवमेंट नहीं कर पाती थीं। हादसे में अनीता 60 फीसदी झुलस गई थी। इसलिए नहीं बच सकीं। मयंक का आईसीयू में इलाज चल रहा है।

# सिकलीगरों को थाने पर दी समझाइश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजाद नगर पुलिस ने बुलेट के बाद कड़े बनाने को लेकर कुछ सिकलीगरों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की है। सिकलीगरों को बदमाशों द्वारा मारपीट में उपयोग किए जाने वाले कड़े नहीं बनाने को लेकर समझाइश दी गई। एसीपी आशीष पटेल के मुताबिक बदमाशों द्वारा धारदार कड़े का उपयोग कर पीड़ितों को मारपीट के दौरान गंभीर चोट पहुंचाई जाती है। वही कुछ कड़ों पर हिंसात्मक स्लोगन भी बने रहते हैं। ऐसे मामले में लोहे के कड़े बनाने वाले कई कारीगरों को चिह्नित किया गया। उन्हें साफ तौर पर लोहे के धारदार कड़े ना बनाने और उन पर आक्रामक स्लोगन और डिजाइन ना बनाने की समझाइश दी गई। कुछ युवाओं को थाने लाकर उनके कड़े भी जब्त किए गए हैं। पिछले कुछ दिनों से मारपीट के मामले में कड़े से चोट पहुंचाने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद पुलिस ने ऐसे मामले में कार्रवाई की है।

# नाबालिग को मारा चाकू

इंदौर। एमआईजी में 16 साल के नाबालिक को बधंक बनाकर तीन लोगो ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी तिलक नगर में हुए एक हत्याकांड को लेकर नाबालिक से पूछताछ कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। एमआईजी पुलिस के मुताबिक सत्यम सरदार निवासी बंगाली चौराहे ने बताया कि उसे एमआईजी इलाके के नया बसेरा में रहने वाले राम पिपल्दे,दीपक उर्फ टकला ओर आशुतोष ने नया बसेरा लेकर आए। यहां तीन माह पहले तिलक नगर में हुए आंनद हत्याकांड को लेकर जानकारी लेने लगे। सत्यम ने इस बात से इंकार कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ काफी देर तक मारपीट की। आशुतोष ने इस दौरान चाकू निकाला ओर सत्यम के कंधे पर मार दिया। सत्यम को घायल छोडक़र आरोपी मौके से भाग गए। बाद में वह थाने पहुंचा पुलिस को पूरी बात बताई पुलिस ने मारपीट ओर अन्य धाराओं में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## कई ब्राण्डेड कंपनियों के नाम से बना रहे थे ड्रेसेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मंगलवार शाम तिलक पथ स्थित रेडिमेड ड्रेसेस बनाने वाली फैक्टरी पर पुलिस ने दबिश दी। यहां कई ब्रांडेड कंपनियों के नाम से ड्रेस तैयार की जा रही थी। कंपनियों के नाम से तैयार माल जब्त किया गया। मामले में कंपनियों ने सदर बाजार पुलिस को शिकायत की थी। तिलक पथ स्थित दिशा फैक्टरी में ब्रांड के नाम से माल तैयार किया जाता है। इंदौर और अन्य स्थानों पर कम दामों में सप्लाई होता है। फैक्टरी में हूबहू कंपनी जैसा माल तैयार हो रहा था। यहां से करीब 6 हजार ड्रेसेस कई कंपनियों के नाम और लेबल सहित जब्त किया। मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है।

# रैकी कर फिर की चोरी

इंदौर। द्वारकापुरी में एक चोर ने चोरी की वारदात को अजांम दिया। चोर यहां पूरे मोहल्ले की काफी देर तक रैकी करता रहा। इसके बाद पड़ोस की गैलरी से अंदर घर में आया ओर वारदात को अजांम देने लगा। इस दौरान बच्चे के उठने की आवाज से घबराया ओर पहली मंजिल की केबल को पकडक़र नीचे कूदकर फरार हो गया। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी है। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाले पंकज गायकवाड़ ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के यहां प्रोग्राम में शामिल होने गए। 18 फरवरी की रात एक बजे घर आए ओर सो गए। इसके बाद पड़ोसी की गैलरी से उनके यहां चोर घुस गया। चोर उनके घर के अंदर से सोने चांदी की ज्वेलरी ओर केश चुरा लिये। इस दौरान बेटे अथर्व की नींद खुली तो उसने परछाई दिखी। शोर मचाने पर चोर उपर से जा रही केबल से लटककर नीचे कूदा। इसके बाद वह फरार हो गया। उन्होंने पुलिस को मामले की जानकारी दी। जिसमें पुलिस ने दूसरे दिन फुटेज देखने की बात कही। एक दिन बाद पुलिस ने चोर के फुटेज देखे फिर मामले में चोरी को लेकर केस दर्ज किया है।

# युवक ने की खुदकुशी

इंदौर। भंवरकुआं में एक युवक सुसाइड कर लिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को जिला अस्पताल भेजा है। युवक नर्मदापुरम का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार देर रात की है। सुसाइड करने वाले युवक का नाम बलराम (35)पुत्र श्याम सुंदर गौर है। वह इंदौर में ट्रांसपोर्ट नगर में रहता था। मंगलवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। बलराम लोडिंग गाड़ी में काम करता है। उसके परिवार के लोग बुधवार सुबह नर्मदापुरम से इंदौर पहुंचे है। मामले में जांच की जा रही है।

# ग्रामीणों ने रुकवाया रोड का निर्माण कार्य

इंदौर। मंगलवार को सिमरोल में ग्रामीणों ने इंदौर-इच्छापुर हाइवे के काम को रुकवा दिया। इस दौरान रहवासी गाडियों के आगे ही बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। दरअसल सिमरोल में इन दिनों इंदौर इच्छापुर हाईवे का कार्य तेज गति से चल रहा है। टनल बनाने के के लिए यहां पर ब्लास्टिंग भी की जा रही है। ब्लास्टिंग की वजह से स्थानीय निवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि ब्लास्टिंग की वजह से उनके घरों में दरार आ रही है और घरों का पूरा सामान नीचे गिर रहा है।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक